>

Title: Need to protect the Sambhar Lake in Jaipur, Rajasthan from encroachments.

श्री लालचन्द कटारिया (जयपुर ग्रामीण): जयपुर जिले के अंतर्गत सांभर झील जो कि खारे पानी की विश्व प्रसिद्ध झील है, 190 स्क्वायर किलोमीटर का फैलाव लिए हुए हैं तथा क्षेत्रीय पर्यावरणीय संतुलन के लिए वर्षों तक जयपुर जिले का प्रमुख स्रोत रही है। यह झील प्राकृतिक एवं ऐतिहासिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण झील है। इसी झील में जब जल भरा हुआ रहता था तो हजारों की संख्या में देशी-विदेशी पक्षी अपना डेरा जमाते थे। परन्तु इस झील में नावां स्थित क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के कारण इसका प्राकृतिक सौंदर्य खराब हो रहा है एवं पिछले 15-20 वर्षों से पानी का अवैध तरीके से दोहन भी किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि यह झील रामसर साईट्स की श्रेणी में शामिल है एवं भारत सरकार द्वारा भी इसके अस्तित्व को बनाये एवं बचाए रखने के लिए समय-समय पर वित्तीय सहायता प्रदान की गयी है। इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा श्री विनोद कपूर की अध्यक्षता में एक कमेटी भी गठित की गयी थी जिसकी सिफारिशों के आधार पर इस झील को अवैध अतिक्रमणों से मुक्त कराने के लिए विभिन्न विभागों को त्वरित कार्यवाही करने के लिए निर्देश दिए गए थे, परन्तु मुझे खेद के साथ यह कहना पड़ रहा है कि अभी तक इस सांभर झील के भराव में हुए अवैध अतिक्रमणों को नहीं हटाया गया है।

मैं इस सदन के माध्यम से भारत सरकार से मांग करता हूं कि सांभर झील के भराव क्षेत्र में हो रहे अवैध अतिक्रमणों को हटाकर इस प्राकृतिक झील के सौंदर्य को यथावत रखा जाए।